# FIRST TERMINAL EVALUATION 2024-2025

**909**

## Third Language
## HINDI

**A**

**STD. IX**

Time : 90 Minutes
Score : 40

---

**सामान्य निर्देश :**

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाइम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें।

---

**सूचना : 'झटपट और नटखट' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> नटखट ने रोते-रोते कहा, "तुम घर जाकर माँ से मेरी शिकायत करोगे।" "अगर न करूँ, तो?" "तो जो कहो।" नटखट का रोना बंद हो गया। "मुझे कागज़ की नाव बनाना नहीं आता। तुम सिखा दोगे?" "हाँ, उसमें क्या है!" नटखट खुश होकर बोला, "पर मुझे तैरना नहीं आता। तुम सिखा दोगे?" "हाँ, उसमें क्या है!"

1. कौन -सा प्रस्ताव सही है? 1
   - (क) झटपट को कागज़ की नाव बनाना आता है।
   - (ख) नटखट को तैरना आता है।
   - (ग) नटखट को कागज़ की नाव बनाना आता है।
   - (घ) झटपट को गिट्टी पैराना आता है।
2. यहाँ नटखट के रोने का क्या कारण था? 2
3. कहानी के इस प्रसंग में नटखट और झटपट के बीच की संभावित बातचीत लिखें। 4

**अथवा**

कहानी की घटनाओं को क्रमबद्ध करके लिखें।

- दोनों भाई तालाब में गिट्टी पैराते हैं।
- नटखट नदी में कागज़ की नाव बहाता है।
- नटखट की जान झटपट बचाता है।
- छोटा भाई नदी में गिर जाता है।

**सूचना : 'घर' कहानी का यह अंश पढ़ें और 4 से 7 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> "थोड़ी देर के लिए जागते हैं तो किताब उठाकर पढ़ने लग जाते हैं। सच पूछो तो वे बहुत थोड़ी-सी जगह लेते हैं इस मकान में। हमारी तरह दीवारों, खिड़कियों या छत से उनका खास लेना-देना नहीं है।" ततैया ने कहा।


1WWW.EDUCATIONOBSERVER.COM

4. ततैया यहाँ किसके बारे में बात कर रही है? 1

(क) छिपकली के बारे में (ख) गिरगिट के बारे में

(ग) फरहाद के बारे में (घ) चूहे के बारे में

5. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

(क) वह + का = उनका (ख) वे + का = उनका

(ग) यह + का = उनका (घ) ये + का = उनका

6. कोष्ठक से सही शब्द चुनकर वाक्य को आगे बढ़ाएँ। 2

(रोज़, ध्यान से)

- फरहाद पढ़ते हैं।
- फरहाद किताब पढ़ते हैं।
- --------------------------------
- --------------------------------------

7. कहानी के आधार पर **चार सही प्रस्ताव** चुनकर लिखें। 4

(क) फरहाद के घर में छिपकली खुश थी।

(ख) फरहाद छिपकलियों को हमेशा भगाते हैं।

(ग) फरहाद घर में बहुत कम जगह लेते हैं।

(घ) फरहाद सहजीवियों से क्रूरता दिखाते हैं।

(च) फरहाद वाचन में रुचि रखते हैं।

(छ) फरहाद घर में बहुत कम समय रहते हैं।

**अथवा**

फरहाद की चरित्रगत विशेषताओं पर **टिप्पणी** लिखें।

**सूचना : 'बहुत दिनों के बाद' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 8 से 11 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

बहुत दिनों के बाद
अबकी मैंने जी भर देखी
पकी-सुनहली फ़सलों की मुसकान
-बहुत दिनों के बाद
बहुत दिनों के बाद
अबकी मैं जी भर सुन पाया
धान कूटती किशोरियों की कोकिलकंठी तान
-बहुत दिनों के बाद

8. विशेषण शब्द चुनकर लिखें। 1

(क) तान (ख) फ़सल (ग) बहुत (घ) धान

9. समान आशयवाली पंक्ति कवितांश से चुनकर लिखें। 1

खेत स्वर्णवर्णी फ़सलों से समृद्ध है।

10. कवि ने किसकी आवाज़ को 'कोकिलकंठी तान' कहा है? 1

(क) नदी की (ख) बच्चों की (ग) पक्षियों की (घ) किशोरियों की

11. कवि और कविता का परिचय देते हुए **कवितांश का आशय** लिखें। 4

**सूचना : 'फूल' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 12 से 14 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> मैं चुप रहा
> लेकिन जब बच्चे ने कहा-
> "बापू , मुझे फूल चाहिए
> फूलों की पहचान के लिए।"
> तो मैं चुप न रह सका
> हृदय हाहाकार कर उठा-
> "हाय, मैंने क्या कर दिया कि
> बच्चे फूलों की पहचान से वंचित हो गए।"

12. 'फूल' कविता के कवि कौन हैं? 1

(क) प्रभात (ख) रमेश उपाध्याय (ग) नागार्जुन (घ) डॉ. रामदरश मिश्र

13. कवि की राय में बच्चे यहाँ किससे वंचित हो गए हैं? 1

(क) फूलों की पहचान से (ख) स्कूल जाने से

(ग) आंगन में खेलने से (घ) पुस्तक पढ़ने से

14. जुलाई 28 **'विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस'** है। इस अवसर पर **'प्रकृति सबका घर'** का संदेश देनेवाला **पोस्टर** तैयार करें। 4

**सूचना : 'झटपट और नटखट' कहानी का यह अंश पढ़ें और 15 से 18 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> झटपट को तैरना आता था। उसने झट अपना बस्ता पीठ से उतारकर पुल की मुंडेर पर रखा और नदी में कूद पड़ा। थोड़ी दूर तैरने के बाद ही उसने नटखट को पकड़ लिया और किनारे पर ले आया। झटपट को इतना गुस्सा आ रहा था कि नटखट को दो झापड़ लगाए, पर नटखट इतना डरा और घबराया हुआ था कि उसे छोटे भाई पर प्यार आ गया।

15. नमूने के अनुसार लिखें। 1

| झटपट तैरता है। | झटपट तैर रहा है। |
|---|---|
| झटपट और नटखट दौड़ते हैं। | .............................................। |

16. 'प्यार' का समानार्थी शब्द कौन-सा है? 1

(क) दया (ख) स्नेह (ग) क्रोध (घ) डर

17. गुस्सा आने पर भी झटपट ने नटखट को नहीं मारा। क्यों? 2

18. झटपट ने नदी में कूदकर नटखट को बचाया। झटपट की उस दिन की डायरी लिखें। 4

**अथवा**

कहानी के आधार पर सही मिलान करें।

| | |
|---|---|
| नटखट | नदी से छोटे को बचाता है। |
| माँ | बड़े को गिट्टी पैराना सिखाता है। |
| बतखें | झटपट को उपदेश देती है। |
| झटपट | तालाब के पानी में तैरती हैं। |

19. **कोष्ठक से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति करें और ब्लर्ब के इस अंश का पुनर्लेखन करें।** **4**

**<u>( गोदान, किसान, कथाकार, सरल )</u>**

प्रेमचंद हिंदी साहित्य के सुप्रसिद्ध -------हैं। उनका अनश्वर उपन्यास है ----------। यह होरी नामक एक ग्रामीण -------- की कहानी है। इसमें उन्होंने भारत की तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था का चित्रण किया है। प्रेमचंद की सहज और ------- भाषा पाठकों को आकर्षित करती है।